

पेज -4 पर

रायगढ़ के विभिन्न सार्वजनिक आयोजनो में शिरकत करेंगे-वित्त मंत्री

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 124 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 7 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -8 पर

भाजपा सांसद प्रत्याशी राधेश्याम का धरमजयगढ़ में हुआ भव्य स्वागत

## 24 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा उजागर

**रायपुर।** राजीव मितान क्लब को हुए भुगतान की सरकारी जांच शुरू होने से पहले ही ने इसकी पड़ताल शुरू कर दी है। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ने रायपुर जिले में बने राजीव मितान क्लब योजना की जांच की तो पता चला कि क्लब के खातों के बजाय क्लब संचालकों के निजी खातों में रकम जमा कर दी गई। इतना ही दो साल में किसी भी क्लब का ऑडिट तक नहीं किया गया। क्लब वाले भी इसमें पीछे नहीं रहे। दो साल में न तो कभी बैठक की और न ही मिले फंड का हिसाब दिया। सरकार ने भी कभी आपत्ति नहीं की। किसी भी साल किसी भी क्लब का फंड तक नहीं रोका गया। युवाओं में खेल, संस्कृति और कैरियर बनाने को बढ़ावा देने के लिए रायपुर समेत राज्यभर के 33 जिलों में 13242 क्लब बनाए गए।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई

# 'कृषक उन्नति योजना" लागू करने का लिया गया निर्णय

**रायपुर।** मंत्रिपरिषद की बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए खरीफ 2023-24 से ''कृषक उन्नति योजना'' लागू करने का निर्णय लिया गया। राज्य के किसानों की आय, फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने तथा फसल की कास्त लागत में कमी करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की गई है। विकेन्द्रीकृत चांवल उपार्जन के लिए भारत सरकार से हुए



एमओयू को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना शुरू की जा रही है।

मंत्रिपरिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि कृषक उन्नति योजना के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव अनुसार खरीफ वर्ष 2023 में धान खरीदी के आधार पर किसानों को प्रति एकड़ 19,257 रूपए के मान से आदान सहायता राशि प्रदाय की जाएगी एवं तदानुसार अनुषांगिक कार्यवाही करने हेतु विभाग को अधिकृत किया जाएगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। प्रदेश में 2018 की स्थिति में 430 लोकतंत्र सेनानियों/आश्रितों को प्रतिवर्ष करीब 9 करोड़ रूपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती थी। एक मार्च से कम अवधि के निरूद्ध व्यक्तियों को 8 हजार रूपए प्रतिमाह, एक से 5 माह तक के निरूद्ध व्यक्तियों को 15 हजार रूपए प्रतिमाह तथा पांच माह तथा अधिक निरूद्ध व्यक्तियों को 25 हजार रूपए प्रतिमाह दिया जाएगा। भारत में घोषित आपातकाल के दौरान छत्तीसगढ़ के राजनैतिक या सामाजिक कारणों से मीसा/डीआईआर के अधीन निरूद्ध व्यक्तियों को सम्मान राशि प्रदान करने के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि नियम-2008 बनाया गया था। जिसे सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 23 जनवरी 2020 तथा 29 जुलाई 2020 को अधिसूचना जारी कर निरस्त कर दिया गया था। मंत्रिपरिषद की बैठक में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 26 मई 2020 को पारित आदेश के परिपालन में उपरोक्त दोनों अधिसूचनाओं को निरस्त करते हुए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। अर्थात पूर्व अनुसार प्रतिमाह सम्मान राशि पुनः प्रारंभ की जाती है एवं सम्मान राशि बंद होने से लेकर पुनः प्रारंभ होने तक की अवधि की एरियर्स राशि 01 नवम्बर 2024 को प्रदान करने का निर्णय लिया गया।



# भ्रष्टाचार पर सख्ती के लिए 32 अफसर हटाए गए

## दो आईपीएस समेत 25 अफसरों की नई टीम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की नई साय सरकार ने भ्रष्टाचार पर सख्ती के लिए एसीबी-ईओडब्ल्यू की पुरानी टीम को बदल दिया है। पिछले चार सालों से पदस्थ 32 अधिकारी-कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति खत्म कर उनकी सेवाएं पुलिस मुख्यालय लौटा दी गई है। उनकी जगह दो आईपीएस समेत 25 नए अफसरों की पोस्टिंग की गई है। क्योंकि विधानसभा में भाजपा ने भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया था। भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि इसलिए पुरानी सरकार में पदस्थ अफसरों को हटा दिया गया है। चर्चा है कि डीएम अवस्थी की संविदा खत्म

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

होने के बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू चीफ भी बदला जाएगा। आईजी अमरेश मिश्रा को रायपुर रेंज के साथ एसीबी-ईओडब्ल्यू का चीफ बनाया जा सकता है। इनके अलावा एडीजी एसआरपी कल्लूरी के नाम की भी चर्चा है। मंगलवार रात सरकार ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेशन ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) में फेरबदल किया है। ईओडब्ल्यू एसपी पंकज चंद्रा और एसीबी एसपी अमृता सोरी को हटा दिया गया है। उनकी जगह आईपीएस गोवर्धन राम ठाकुर और टीआर कोशिमा को पदस्थ किया गया है। इसके अलावा डीएसपी चंद्रेश ठाकुर, पुप्लेश पात्रे, लोकेश देवांगन, प्रशांत खांडे, राहुल शर्मा, राजेश चौधरी, यदुमणि सिदार और सुरेश कुमार ध्रुव को प्रतिनियुक्ति दी गई है। इसमें टीआई बृजेश कुशवाहा, संतराम सोनी, वीरेंद्र चंद्रा, विजय यादव, उमेंद्र टंडन, मुकेश यादव, प्रशांत गढ़पाले, भरत बरेठ, अनिल ठाकुर, तोप सिंह नवरंग, हेमलता नेताम, मुकेश सोम, संदीप टंडन, पौरूष पुर्रे और सौरभ द्विवेदी शामिल हैं।

# प्रदेश में बनेगी नई औद्योगिक नीति : मंत्री देवांगन

### सी. आई. आई. के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए उद्योग मंत्री

**रायपुर।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश में नई औद्योगिक नीति बनाई जाएगी। जिससे प्रदेश में नवीन उद्योग धंधा स्थापित हो और यहां के निवासियों को आजीविका के लिए काम मिल सके। उद्योग मंत्री श्री देवांगन आज जोरा स्थित एक निजी होटल




में आयोजित कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इण्डस्ट्री (सी.आई.आई.) छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक में शामिल हुए। उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योग स्थापित होने से यहां के लोगों का नियोजन होगा। राज्य सरकार आगामी 5 वर्ष के लिए ऐसी औद्योगिक नीति (वर्ष 2024-2029) बनाएगी जिससे प्रदेश में उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों का भी ध्यान रखा जाएगा। देश के प्रधानमंत्री भी चाहते है कि युवाओं को अधिक से अधिक काम मिले जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आ सके। सी.आई.आई के प्रदेश अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष श्री आशिष श्राफ ने उद्योग मंत्री का इस सम्मेलन में पधारने पर उनके प्रति आभार प्रकट किया।

# मंत्री ने दिए सख्त निर्देश लंबित आवेदनों का 15 दिन में निराकरण करें

**रायपुर।** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश के शत-प्रतिशत श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। श्रमिकों के हित को प्राथमिकता में लेते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। जिससे श्रमिकों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार हो सके। उक्त बातें श्रम मंत्री श्री देवांगन ने विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक में कही। बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सभाकक्ष में आयोजित थी। बैठक में श्रमायुक्त एवं सहसचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की सचिव श्रीमती सविता मिश्रा,




अपर श्रम आयुक्त श्री एस. एल जांगड़े सहित जिलों से आए श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। श्रम मंत्री श्री देवांगन ने बैठक में लंबित मामलों का 15 दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के कुछ जिलों में श्रमिकों के पंजीयन फार्म को निरस्त कर दिया गया है। श्रमिको से अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी कर ली जावे। अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि हितग्राही को शासन की योजना का लाभ मिले। दस्तावेज की कमी को आधार बनाते हुए हितग्राही को वापस न लौटाया जाए। श्रमिक बहुल क्षेत्रों में मोबाईल कैम्प लगाकर मजदूरों का पंजीयन करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। मजदूर बिना पंजीयन के किसी भी साईट में काम ना करें।

**एक नजर**

## पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर ।** नगर निगम कालोनी आमापारा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया निकिता भारती 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया मनोरमा बारिक, उजाला नेताम, किरण व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया मनोरमा बारिक 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी निकिता भारती, राजेंद्र भारती, रूद्राक्ष ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुणे में ED की छापेमारी

# महादेव सट्टा और लोटस 365 ऐप से जुड़े लोगो से 1.20 करोड़ रुपए जब्त

रायपुर। महादेव सट्टा एप मामले में लोटस 365 ऐप के पार्टनर गिरीश तलरेजा और कोलकाता के गिरफ्तार सूरज चोखानी की गिरफ्तारी के बाद ED की रायपुर टीम ने पुणे के कातरज में छापा मारा है।




मिली जानकारी के मुताबिक कातरज में ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े लोगो कि ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान 1 करोड़ 20 लाख रुपए बरामद हुए है। मिली जनाकरी के मुताबिक ED की टीम ने महादेव सट्टा एप और लोटस 365 नामक एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप से संबधित लोगो के ठिकानों पर कारवाई की है। इससे संबंधित 5 लोगो आइडेंटिटीफाई किया है और उनसे पूछा भी की जा रही हैं। ऐसी चर्चा भी है कि ED की टीम 5 लोगो को रायपुर लेकर आ रही है।

### 7 दिन की ED रिमांड पर तलरेजा और चोखानी

सोमवार को महादेव सट्टा ऐप मामले में ED के हत्थे गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था । सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनो अरोपियों को 7 दिन की ED रिमांड पर भेजा है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी दोनों से पूछताछ कर रहे है। दोनो अरोपियों को 11 मार्च को फिर से स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय की टीम जल्द ही सट्टा एप से जुड़े अन्य लोगो पर शिकंजा कस सकती है।

ED की जांच में पता चला है कि तलरेजा लोटस 365 नामक एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप का संचालन करता था। जो महादेव सट्टा ऐप का सहायक है। इसके जरिए तलरेजा ने कई करोड़ रुपए कमाए, जिसे शेल कंपनियां बनाकर लूटा गया। भोपाल के शुभम सोनी और रतनलाल जैन के साथ उसके संबंधों का खुलासा हुआ है।

आरोपी शुभम सोनी, प्रदीप तलरेजा और रतनलाल जैन के बीच कई करोड़ रुपए के लेन-देन का पता चला है। ED फिलहाल रतनलाल जैन की तलाश कर रही है। तलरेजा को पहले 2019 में मुंबई एयरपोर्ट पर IPL सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

### चोखानी संभाल रहा था स्काई एक्सचेंज ऐप

*हवाला ऑपरेटर के रूप में पहचाने गए हरि शंकर टिबरेवाल मूल रूप से कोलकाता का है, लेकिन दुबई में रहता है। टिबरेवाल ने कथित तौर पर महादेव ऐप के प्रमोटरों के साथ साझेदारी की और सट्टेबाजी ऐप स्काई एक्सचेंज का संचालन भी किया।*

# रायपुर में 7 लाख का विदेशी नोट पकड़ाया

### गठरी बांधकर रखा था अमेरिका-यूरोप और सऊदी अरब की करेंसी, धर्मशाला से सूरत का युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर में एक व्यक्ति के पास से 7 लाख रुपए का विदेशी नोट बरामद हुआ है। उसने बड़ी चालाकी से नोटों को कपड़े की गठरी में छिपा रखा था। जिससे किसी को शक न हो। लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गई। मामला गंज थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि गुजरात के सूरत निवासी फिरोज लखानी स्टेशन रोड के पास स्थित अहीर धर्मशाला में ठहरा हुआ है। वह संदिग्ध लग रहा है। पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो सामानों के बीच एक सफेद कपड़े की गठरी मिली। पुलिस ने जब गठरी खोलकर देखा, तो उसमें 7 लाख के करीब विदेशी नोट थे। यह नोट अमेरिका, यूरोप और सऊदी अरब देश का है। सबसे ज्यादा अमेरिका के डॉलर बरामद हुए हैं। आरोपी के पास इन विदेशी नोटों से जुड़े वैध कागजात भी मौजूद नहीं थे। पुलिस ने फिरोज लखानी को गिरफ्तार कर लिया है।



### 3 थानों में है दर्ज मामले

आरोपी फिरोज के खिलाफ रायपुर के तीन अलग-अलग थाने में 420 जैसे धाराओं में मामले दर्ज है। यह तमाम थाने आजाद चौक, उरला और राजेंद्र नगर है। बताया जा रहा है कि आरोपी के बेटे पर भी इस तरह के आरोप है। फिलहाल आरोपी ऐसे ही एक मामले की पेशी में रायपुर पहुंचा था।

छत्तीसगढ़ मे ACB-EOW की पूरी टीम बदली

# DIG-SP समेत 25 नए अफसरों की तैनाती; अमरेश या कल्लूरी को मिल सकती है कमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार देर शाम ACB और EOW की पूरी टीम बदल दी है। IPS गोवर्धन राम और टीआर कोशिमा के साथ राज्य पुलिस सेवा के 8 अफसरों और 15 पुलिस निरीक्षकों को ये जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पिछली टीम में शामिल DIG प्रखर पांडेय और SP पंकज चंद्रा सहित सभी को पुलिस मुख्यालय ट्रांसफर कर दिया गया है। जल्द ही उनके



पोस्टिंग ऑर्डर जारी होंगे। इनमें से कई अफसरों को कांग्रेस सरकार में पोस्टिंग मिली थी। बताया जा रहा है कि ACB में भेजी गई नई टीम में ज्यादातर अफसर रायपुर IG अमरेश मिश्रा के साथ काम कर चुके हैं। चर्चा है कि उन्हें EOW की जिम्मेदारी दी जा सकती है। उनके साथ IPS शिव राम प्रसाद कल्लूरी का नाम भी चर्चा में है। सीएम विष्णु देव साय ने सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की घोषणा की थी। माना जा रहा है कि इसलिए पुरानी सरकार में पदस्थ अफसरों को हटा दिया गया है। चर्चा है कि डीएम अवस्थी की संविदा नियुक्ति खत्म होने के बाद ACB-EOW चीफ भी बदला जाएगा। IG अमरेश मिश्रा को रायपुर रेंज के साथ ACB-EOW का भी चीफ बनाया जा सकता है। इनके अलावा एडीजी एसआरपी कल्लूरी के नाम की भी चर्चा है। मंगलवार रात सरकार ने एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (EOW) में फेरबदल किया है।

# CGPSC घोटाला केस CBI को सौंपा गया

### छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने जारी की अधिसूचना; सिलेक्शन लिस्ट में भाई-भतिजावाद का आरोप

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) में हुए भर्ती घोटाले की जांच CBI को सौंप दी गई है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान अपने मेनिफेस्टो में इसका जिक्र किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

CGPSC 2021-22 की सिलेक्शन लिस्ट विवादों में घिरी रही। परीक्षा में आयोग के तत्कालीन चेयरमैन, कांग्रेस नेताओं और अधिकारियों के रिश्तेदारों के सिलेक्शन का आरोप है। इसे लेकर ACB और बालोद




के अर्जुंदा थाने में FIR दर्ज कराई गई थी। इसमें आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी, पूर्व सचिव जीवन किशोर ध्रुव, परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य अफसरों और नेताओं का नाम है। वहीं 15 फरवरी को बालोद के एक अभ्यर्थी ने अर्जुंदा में लिखित में शिकायत दी थी। अभ्यर्थी 2021 में PSC की परीक्षा शामिल हुआ था। अभ्यर्थी ने अपनी शिकायत में बताया थी कि, वह प्रिलिम्स और मेंस पास होने के बाद इंटरव्यू तक पहुंचा। उसका इंटरव्यू भी अच्छा गया, लेकिन चयन नहीं हुआ। जबकि कुछ लोग इंटरव्यू से तुरंत निकल गए। उसके बाद भी उनका चयन हो गया।

### 171 पदों के लिए हुई थी भर्ती परीक्षा

*CGPSC 2021 में 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। प्री-एग्जाम 13 फरवरी 2022 को कराया गया। इसमें 2565 अभ्यर्थी पास हुए थे। इसके बाद 26, 27, 28 और 29 मई 2022 को हुई मेंस में 509 अभ्यर्थी पास हुए। इंटरव्यू के बाद 11 मई 2023 को 170 अभ्यर्थियों की सिलेक्शन लिस्ट जारी हुई।*

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहलः महतारी वंदन योजना

महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए महतारी वंदन योजना एक कारगर कदम है। प्रदेश की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई है। गांव से लेकर शहर तक महिलाओ में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाओं को इस योजना से प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि दी जाएगी।

साल में कुल 12 हजार की राशि भी मिलेगी। महिलाएं घर चलाने के साथ-साथ ही घर की बजट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना बखूबी आता है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक बल मिलेगा और उनके हाथों में एक राशि रहेगी। जिसका उपयोग वे कर सकेंगी।

जगदलपुर शहर के लालबाग निवासी श्रीमती आसमती कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में बताया कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश है कि उनके खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि आएगी। इसका उपयोग साग-सब्जी तथा अन्य जरूरत के लिए कर सकेंगी। बस्तर की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की यह अनोखी पहल है।



आड़ावाल निवासी स्वाति राव ने कहा कि राशि का उपयोग अपनी जरूरी घरेलू सामान की पूर्ति करने के लिए करेंगी। आड़ावाल की श्रीमती कृष्णादेवी ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। बलौदाबाजार नगर निवासी श्रीमती सुनीता यादव ने कहा सरकार ने प्रतिमाह 1 हजार रूपये देने का वादा किया था वह अब पूरा होने वाला है। आज मैंने महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन कर दी हूं। अब जो पैसा मिलेगा उसका उपयोग बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य खर्चों के लिए करूंगी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय को महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड के ग्राम बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति निवासी श्रीमती तीजबाई कमार ने



भी नजदीकी आंगनबाड़ी पहुंचकर महतारी वंदन योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि मैं दैनिक मजदूरी एवं किसानी कार्य कर पैसा कमाती हूं अब इसके साथ ही मुझे प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलेगा। जो मेरे अतिरिक्त आय का साधन होगा। मै इस पैसे का उपयोग अन्य दैनिक खर्चों में करूंगी। श्रीमती तीजबाई कमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम परसाभदेर निवासी श्रीमती स्नेहा पैकरा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए प्रारंभ की गई योजना महतारी वंदन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं से आवेदन करने की अपील की है। गौरतलब है की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का लाभ प्रदेश के मूल निवासी विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यकत्ता महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में शामिल होने के लिए परिवार की आर्थिक आय ढाई लाख रुपए से कम वार्षिक रखी गई है। इस



योजना का लाभ विवाहित 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को मिलेगा। एक हजार रुपए सरकार की ओर से मिलना भी उनके आर्थिक विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा। महिलाओं को मिलने वाली इस योजना का लाभ से उनके आर्थिक दशा में सुधार आएगी तथा यदि महिलाये कुछ पैसा बचा सके तो आगामी भविष्य के लिए उसका उपयोग कर सकती है।

**श्रीमती नूतन सिदार,**
**सहायक संचालक**

## संपादकीय

### सतर्कता की उचित सलाह

आशंका है कि अगले 3-4 वर्षों में चिप के अति उत्पादन के कारण चिप कारोबार में मुनाफा घट सकता है। ऐसे में वे उद्यम ही टिकाऊ होंगे, जो कम लागत में उन्नत चिप का उत्पादन करेंगे। क्रिस मिलर ने इसी संदर्भ में अपनी सलाह पेश की है। भारत सरकार ने बीते हफ्ते एक लाख 26 हजार करोड़ रुपये निवेश की तीन चिप परियोजनाओं को मंजूरी दी। बताया गया है कि इनके लिए भारत सरकार 48,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इनमें भारत का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन प्लांट भी है, जो टाटा ग्रुप एक ताइवानी कंपनी के साथ मिलकर लगाएगा। इसके पहले पिछले साल केंद्र ने अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर लगाए जाने वाले संयंत्र को मंजूरी दी थी, जिसमें कुल 2.75 बिलियन डॉलर का निवेश होगा। केंद्र सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए 10 बिलियन डॉलर (76000 करोड़ रुपये) की विशाल सब्सिडी का प्रावधान कर रखा है। इसे भारत की महत्त्वाकांक्षी पहल बताया गया है। लेकिन इस बड़ी योजना को लेकर कुछ सवाल भी उठे हैं। मसलन, विशेषज्ञ और बहुचर्चित किताब चिप वॉर के लेखक क्रिस मिलर ने भारत सरकार को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि भारत में लग रहे चिप कारखाने मुनाफा कमा सकने की स्थिति में हों। साथ ही ये उद्यम चिप विकास में भी योगदान करें। गौरतलब है कि भारत में फैब्रिकेशन यानी चिप उत्पादन के कारखाने लगाए जा रहे हैं। विकास से मतलब चिप तकनीक को उन्नत करने से है, जिसके लिए बहुत बड़े निवेश और महारत की जरूरत पड़ती है। कारखानों के मुनाफे को लेकर प्रश्न इसलिए उठे हैं, क्योंकि कोरोना काल में सप्लाई शृंखला भंग होने से चिप की हुई किल्लत झेलने के बाद दुनिया भर में नए ट्रेंड चिप कारखानों के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का है।

# लैंगिक समानता की बातें तो बड़ी बड़ी होती हैं मगर हकीकत कुछ और ही है

ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है।

देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ-साथ सियावर भी थे।

भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ



मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है।तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं।

**डॉ. नीलम महेंद्र**

## मिला जुला

### एक नजर

#### राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बहन का निधन

**जयपुर** । राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बड़ी बहन विमला देवी का जोधपुर में निधन हो गया। बहन के निधन की जानकारी मिलते ही कई कांग्रेस कार्यकर्ता गहलोत के आवास पर जुटने लगे हैं। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस नोट में कहा गया है कि गहलोत अपनी बहन के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार सुबह जोधपुर पहुंचेंगे।

गहलोत ने ट्वीट किया, मेरी बड़ी बहन श्रीमती विमला देवी कच्छवाहा के चले जाने से मेरे मन में एक खालीपन आ गया है, जिसे कभी नहीं भरा जा सकता। बाईजी मेरे लिए मां के समान थीं। उनकी कमी हमेशा खलेगी। अपने 93 साल के जीवन में उन्होंने बहुत कुछ दिया, सभी को प्यार और आशीर्वाद। मैं प्रार्थना करता हूं कि भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें।

लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का बड़ा ऐलान


#### आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स की सैलरी में इजाफा

कोलकाता । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली और मतदाताओं को लुभाने के लिए कई बड़े ऐलान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी बड़ा ऐलान किया है। ममता बनर्जी ने आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सैलरी में इजाफा किया है। टीएमसी सुप्रीमो ममता ने कहा कि अप्रैल से आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी वर्कर्स की सैलरी में 750 रुपये की बढ़ोतरी का फैसला लिया गया है।

मोदी संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से मिले

# चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे, राज्य सरकार आरोपी TMC नेताओं को बचा रही-मोदी

कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के बारासात में संदेशखाली की पीड़ित आदिवासी महिलाओं से मिले। न्यूज एजेंसी ANI ने BJP सूत्रों के हवाले से बताया- महिलाओं ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद PM ने कहा- चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे। प्रोटोकॉल की वजह से कुछ बसें समय से बारासात नहीं पहुंच सकीं।



इससे पहले प्रधानमंत्री ने कोलकाता में देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो टनल समेत 15 हजार 400 करोड़ की योजनाओं का इनॉगरेशन किया। इसके बाद वे नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली में शामिल हुए। रैली में 85 किलोमीटर दूर से संदेशखाली की महिलाएं भी शामिल होने पहुंची थीं।

PM ने यहां 38 मिनट का भाषण दिया, जिसमें INDI गठबंधन, पश्चिम बंगाल सरकार, संदेशखाली और केंद्र सरकार की योजनाओं पर बोले। PM ने कहा- इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात करता हूं।

PM ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य में लागू नहीं होने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- महिला सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सस्ते सिलेंडर की योजना भी नहीं लागू हुई। आखिरी में PM ने संदेशखाली का जिक्र किया। उन्होंने कहा- संदेशखाली में गरीब आदिवासी बहनों पर अत्याचार हो रहा है। बंगाल सरकार अत्याचारियों को बचाने के लिए पूरी ताकत से लगी है, लेकिन संदेशखाली की महिलाओं का गुस्सा ज्वार बन चुका है। टीएमसी के माफिया राज को ध्वस्त करने के लिए बंगाल की नारी शक्ति निकल चुकी है।

संदेशखाली की महिलाओं ने TMC के नेता शाहजहां शेख पर रेप और जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद पुलिस ने शाहजहां शेख को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था।हालांकि शेख की गिरफ्तारी श्वष्ठ की टीम पर 5 जनवरी को छापेमारी के दौरान जानलेवा हमले को लेकर हुई है।

### टीएमसी सरकार को हटाने की अपील

पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार को ग्रहण करार दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल पर ज्जरूष्ट नाम का ग्रहण लगा हुआ है। वो इस राज्य के विकास को आगे नहीं बढ़ने दे रहा। भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में 35 सीटों का लक्ष्य रखा है।

# देश को मिली पहली अंडर वाटर मेट्रो, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी





**कोलकाता ।** देश को आज पहली अंडर वाटर मेट्रो मिल गई है। पीएम मोदी ने कोलकाता में इसका उद्घाटन किया। इसके अलावा पीएम मोदी ने कई अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन किया। कुल मिलाकर पीएम मोदी बंगाल 15400 करोड़ रुपये की सौगात दी। अंडरवाटर मेट्रो के उदघाटन के अलावा पीएम मोदी कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड और तारातला-माजेरहाट मेट्रो खंड का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने अंडरवाटर मेट्रो ट्रेन में बच्चों के साथ सवारी की। जानकारी के अनुसार, नदी के नीचे मेट्रो के शुरू हो जाने से ईस्ट-वेस्ट मेट्रो हावड़ा मैदान से हुगली नदी में बने टनल के जरिए साल्ट लेक सेक्टर पांच आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसकी कुल लंबाई लगभग 16.5 किलोमीटर है। इसमें से 10.8 किलोमीटर जमीन के अंदर से गुजरेगा। शेष 5.75 किलोमीटर का प्रोजेक्ट जमीन के ऊपर तैयार किया गया है।

2024 चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र तैयार

# 30 लाख सरकारी नौकरी, MSP कानून, जाति जनगणना; सच्चर कमेटी की सिफारिशें लागू करेंगे

नई दिल्ली। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र तैयार कर लिया है। इसे आने वाले दिनों में CWC यानी कांग्रेस कार्य समिति द्वारा पारित होने के बाद जारी किया जाएगा।

कांग्रेस कार्य समिति से जुड़े सूत्र ने प्रस्तावित घोषणापत्र के ब्लूप्रिंट की जानकारी दी। इसमें




रोजगार, महंगाई से राहत और सामाजिक न्याय पर खास फोकस किया गया है। युवाओं को अपने पाले में करने की रणनीति के तहत कांग्रेस केंद्र सरकार में खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों को भरने का वादा करने जा रही है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं के लिए 6 हजार महीना और केंद्र सरकार की नौकरियों में 33त्न आरक्षण का जिक्र भी किया गया है।

# क्रॉस वोटिंग की दूसरी सजा, कांग्रेस ने बागी विधायक सुधीर शर्मा पर लिया ऐक्शन

नई दिल्ली। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में 'क्रॉस-वोटिंग' करने वाले अपने छह विधायकों में से एक सुधीर शर्मा को बुधवार को पार्टी के सचिव पद से हटा दिया।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी





विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सुधीर शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला से ताल्लुक रखने वाले शर्मा प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में शुमार किए जाते हैं। हाल ही में उन्हें और पांच अन्य विधायकों को अयोग्य ठहराया गया। सुधीर शर्मा ने पद छीने जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, भार मुक्त तो ऐसे किया है जैसे सारा बोझ मेरे ही कंधों पर था। चिंता मिटी, चाहत गई, मनवा बेपरवाह, जिसको कछु नहीं चाहिए, वो ही शहंशाह। हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग किए जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पिछले गुरुवार को इन छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा आरंग विधानसभा के विधायक खुशवंत गुरु के साथ कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।











क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब के साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा महिला स्व सहायता समूह के सशक्तिकरण हेतु आयोजित शक्ति वंदन अभियान के तहत आरंग विधानसभा के मंदिर हसौद मंडल में सम्मिलित होकर उपस्थित माताओं बहनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र संकल्प से शक्ति,संगठन से समृद्धि के साथ जोड़कर सामूहिक रूप से विकास की ओर कदम बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। मंदिर हसोद की जनता अपनी बीच क्षेत्रीय विधायक के साथ-साथ डिप्टी सीएम के उपस्थिति से जनता प्रसन्न हो गई। जनता के द्वारा सबका साथ सबका विकास के साथ-साथ मोदी है तो मुमकिन है कि नारे लगाना चालू हो गई और कहां की विकास की गंगा बहाने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। इस बार जरूर काम करेगी उसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने वीडियो कांफ्रें सिंग के माध्यम से सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहब ने बोला की जनता ने भरोसा करके जो विश्वास दिखाया है उसमें मैं जानता के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा और लोगों को सभी प्रकार से शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए काम करूंगा। इस प्रकार के क्षेत्रीय विधायक की बातो से जनता में विकास की लहर के साथ-साथ विश्वास की एक नई उम्मीद जगी है। जो पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा विकास के नाम पर जो धोखे झूठे वादे किए गए थे अब ऐसा नहीं होगा आप सभी के मांगे पूरी होगी और विकास की बातें होगी ऐसे नए विधायक ने क्षेत्र की जनता उम्मीद दिलाई है। अब देखते हैं अपने कार्यों में गुरु के द्वारा क्या योगदान रहता हैं।

जनता क्षेत्रीय विधायक से क्यों रखे हैं उम्मीद

बता दे की क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहब जो की सतनामी समाज के गुरु भी है इसीलिए क्षेत्र की जनता गुरु से आशीर्वाद के रूप में विकास चाह रही है इसीलिए क्षेत्र की जनता विश्वास कर रही है।क्षेत्र की जनता यह कह रही है कि इस प्रकार क्षेत्रीय विधायक के साथ डिप्टी सीएम का साथ होना बड़ी बात ही गर्व की बात है हमें उम्मीद है कि क्षेत्र की जनता का विकास जरूर होगा। इस कार्यक्रम मैं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ भाजपा के कई बड़े नेता शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए जिले की स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं

* जिले के 12 स्थानों पर प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम का किया प्रसारण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत जिले के निर्धारित 12 स्थानों पर प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से स्वसहायता समूह, विभिन्न संगठनों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि और अधिकारीयों से जुड़े। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों सारागांव, मालखरौदा, डभरा, चन्द्रपुर,कोटमी, अड़भार, जैजैपुर, छपोरा, बम्हनीडीह, हसौद, भोथिया और सक्ति ग्रामीण में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी द्वारा गांव एवं शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। कलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में मेघा राम साहू, टिकेश्वर गबेल,रामनरेश यादव,अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, जिला पंचायत परियोजना निदेशक बी पी भरद्वाज सहित जिले में विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिए अधिकारी कर्मचारी, बड़ी संख्या में महिला स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थित थी।

# कलेक्टर साहू ने इच्छुक नागरिकों को रक्तदान करने की अपील की

सारंगढ़ के सीपीएम कॉलेज में 07 मार्च को रक्तदान शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के मार्गदर्शन में सीपीएम कॉलेज सारंगढ़ में 7 मार्च 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ एफआर निराला ने बताया कि रक्तदान एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान कर उसे नई जीवन दान करते है। यह महान कार्य दानदाता का किसी दूसरे के रगों में बहने और दूसरे के जिस्म में जिंदा रहने का लाजवाब तरीका है। डॉ. निराला ने बताया कि वो हर स्वस्थ व्यक्ति जिनकी उम्र 18 से 60 वर्ष के बीच हो और उसके रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर ठीक हो रक्तदान कर सकता है। वैसे भी रक्त कोशिकाओं की उम्र 120 दिन के लगभग रहती है। जो सतत मरती और नए बनती रहती है। ऐसे में दानदाता के शरीर में भी दान के बाद नए रक्त का निर्माण स्वत: हो जाता है। दानदाताओं को निसंकोच रक्तदान करनी चाहिए। हमारे समुदाय में कई ऐसे भी व्यक्ति हैं, जो 10 से 12 बार से भी ज्यादा रक्तदान कर चुके है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर एल सिदार ने बताया कि 7 मार्च को होने वाली रक्तदान शिविर के लिए आवश्यकता अनुसार चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्नीशियन एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है तथा संपूर्ण व्यवस्था कर दी गई है, ताकि रक्तदाताओं के लैब संबंधी जांच, उनके स्वास्थ्य परीक्षण आदि के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो एवं हमारी टीम 7 मार्च को होने वाली रक्तदान शिविर के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने इस रक्तदान शिविर में आम नागरिकों को अधिक से अधिक रक्तदान करने, साथ ही जिले के समस्त शासकीय कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं रक्तदान के लिए योग्य होने पर अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की है। इस शिविर के लिए रेडक्रास सोसायटी जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तत्वाधान में तथा सीपीएम कॉलेज सारंगढ़ के विशेष सहयोग रहा।

# डॉ. राजाराम त्रिपाठी का अंदकुरी गांडा समाज ने किया गाजे-बाजे से स्वागत

**बाबा अंबेडकर के बाद हमें हमारा एक और मसीहा मिल गया है - अनिल कोर्राम प्रदेष सचिव अंदकुरी गांडा समाज**







**कोंडागांव।** अंदकुरी गांडा समाज ने एक बार फिर मनाई दिवाली, डॉ राजाराम त्रिपाठी के स्वागत में कोंडागांव के सारे फूल हुए खत्म, डॉ राजाराम त्रिपाठी ने लौटाया हमारा खोया हुआ गौरव, आत्मसम्मान व आत्मविश्वास - श्री करन कोर्राम जिला अध्यक्ष अंदकुरी गांडा समाज,

आदिवासी परम्परा तथा रीति-रिवाजों के अनुसार चलने वाले, हम अदंकुरी गांडा समाज के लोग आजादी के तुरंत बाद त्रुटिवश अथवा षड़यंत्र वश या फिर वोट की तुच्छ राजनीति के चलते आखिर क्यों और कैसे सम्मिलित हुये अनुसूचित जाति में - वीरेंद्र बघेल जिलाध्यक्ष युवा अंदकुरी गांडा समाज,

07 साल तक अथक प्रयास कर हमारे इतिहास पर शोध करके समाज को हमारे गौरवशाली इतिहास से हमें परिचित कराया - कर्मचारी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धनीराम मरकाम अंदकुरी गांडा समाज,

मैं अपनी पीएचडी गौरवशाली गांडा समाज को अर्पित करता हूं डॉ राजाराम त्रिपाठी का उद्बोधन?।

जीते जी कोई इंसान किसी समुदाय के लिए मसीहा कैसे बन जाते हैं ऐसी विलक्षण घटना सदियों में कभी कभार ही देखने में आती हैं। कोंडागांव बस्तर का यह मामला भी कुछ ऐसा ही है। बस्तर तथा छत्तीसगढ़ का एक सबसे प्राचीन परंतु सबसे पिछड़ा , गरीब एवं वंचित समुदाय है गांडा। छत्तीसगढ़ तथा कुछेक अन्य राज्यों में जनजातीय समुदायों के साथ ही सदियों से पाया जाने वाला एक प्राचीन समुदाय है गांडा। बस्तर तथा देश की जनजातीयों पर तो सैकड़ो हजारो शोध हुए है किंतु अनुसूचित जाति में वर्गीकृत इस वंचित समुदाय पर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। अपनी हर्बल खेती के दम पर देश-विदेश में विख्यात तथा देश के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे किसान माने जाने वाले डॉ. राजाराम त्रिपाठी इसी गांडा समुदाय पर हाल ही में अपना ऐतिहासिक शोध पूर्ण किया। उन्होंने यह कार्य 2014 में शुरू किया और एक दशक के कठोर परिश्रम के माननीय गवर्नर तथा मुख्यमंत्री के हाथों इसी 5 मार्च को पीएचडी की उपाधि प्राप्त की । हालांकि इस उपेक्षित समुदाय पर डॉक्टर त्रिपाठी के द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों की चर्चा पिछले कुछ वर्षो से बौद्धिक समाज में चल रही है। डॉ त्रिपाठी ने 1741 से लेकर आज तक गांडा समाज की सामाजिक आर्थिक संरचना तथा परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों का ऐतिहासिक मूल्यांकन किया है। डॉ त्रिपाठी के शोध के बड़े आश्चर्यजनक महत्वपूर्ण तथ्य व निष्कर्ष मिले हैं। कुल मिलाकर यह स्पष्ट हो जाता है की गांडा जाति एक गौरवशाली, शूरवीर कला मर्मज्ञ, शिल्प कला में निपुण एक महान जाति रही है। आजादी के तुरंत बाद त्रुटिवश अथवा षड़यंत्र वश या फिर वोट की तुच्छ राजनीति के चलते इस समुदाय को अनुसूचित जाति में वर्गीकृत करते हुए इनके सामाजिक स्थिति को एकदम से नीचे गिरा दिया। इसी कारण यह समाज आर्थिक सामाजिक राजनीतिक स्थिति में अंतिम पायदान में रहा है।

डॉक्टर त्रिपाठी के शोध के तथ्यों से इस समाज में अपने गौरवशाली अतीत को लेकर आत्मसम्मान बढ़ा है और आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई है। इसीलिए डॉ त्रिपाठी जब माननीय गवर्नर विश्वभूषण हरिचंदन माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी वन विभाग, जलवायु परिवर्तन जल संसाधन,सहकारिता सहित तथा कई विभागों के केबिनेट मंत्री केदार कश्यप जी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष तथा जगदलपुर के एमएलए किरण देव जी तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव के करकमलों से गांडा समाज पर की गई प्रथम पीएचडी की उपाधि लेकर जब कोंडागांव पहुंचे तब नगर सीमा पर हजारों की संख्या में अंदकुरी गांडा समाज के स्त्री पुरुष, बूढ़े बच्चे एकत्र होकर गाजेबाजे के साथ डॉ राजाराम त्रिपाठी की अगवानी की। समाज की महिलाओं ने परंपरागत तरीके से पैर धोकर,आरती कर अक्षत टीका कर स्वागत किया , और जिले के ग्रामीण क्षेत्र से आए इस समाज के पदाधिकारियों ने डॉ त्रिपाठी को सैकड़ों पुष्प मालाओं से लाद दिया तथा फूलों की वर्षा करते हुए मुख्य मार्ग से आक्सन हाल तक मानव श्रृंखला की बीच लेकर गए। तत्पश्चात वन विभाग के ऑप्शन हाल में एक विशाल जनसभा कर डॉक्टर त्रिपाठी का नागरिक अभिनंदन किया गया। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने मंच से भावविभोर होकर कहा कि डॉ राजाराम त्रिपाठी ने आज हमारा खोया हुआ गौरव, आत्मसम्मान तथा आत्मविश्वास वापस लौटाया है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत165 जोड़ियों का होगा सामूहिक विवाह

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।




मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 7 मार्च को सुबह 11 बजे से लगभग 165 जोड़ियों का सामूहिक विवाह जिला मुख्यालय सारंगढ़ के खेलभाठा मैदान में किया जाएगा। इस योजना से वर वधु के एक जोड़े को 50 हजार रूपए तक पुरस्कार दिया जाता है, जिसमें पुरस्कार राशि और सामग्री शामिल है। नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास ने सभी जनप्रतिनिधियों, समाज और इच्छुक नागरिकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है। इस विवाह के लिए वर वधु की जोड़ी और उनके परिवार को सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रेरित किया है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना :

### जिले के 6 स्थानों पर 291 जोड़ो का होगा सामूहिक विवाह

* वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी नवदंपत्तियों को देंगे अपना आशीर्वाद

* शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा जिला मुख्यालय का सामूहिक विवाह कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले में 7 मार्च को 6 स्थानों में 291 जोड़ो का सामूहिक विवाह संपन्न होने जा रहा है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाटी स्टेडियम में आयोजित 84 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगे एवं नवदपत्तियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले के खरसिया, घरघोड़ा एवं तमनार बंजारी मंदिर में 28-28 जोड़े का विवाह होगा। इसी तरह धरमजयगढ़ में 56 जोड़े तथा लैलूंगा में 67 जोड़े का विवाह संपन्न होगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या के विवाह पर मदद देने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की है। कन्या विवाह योजना के माध्यम से परिवार को विवाह के समय आने वाली आर्थिक कठिनाइयों से मुक्ति मिल सकती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को कन्या के विवाह के संदर्भ में होने वाली आर्थिक कठिनाईयों का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाले फिजूलखर्ची को रोकना एवं सादगीपूर्ण विवाहों को बढ़ावा देने, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से मनोबल/आत्मसम्मान में वृद्धि एवं उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार, सामूहिक विवाहों का प्रोत्साहन तथा विवाहों में दहेज के लेन-देन की रोकथाम करना है। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कन्या विवाह योजना का संचालन किया जाता है। शासन द्वारा कन्या विवाह में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक जोड़ों को 50 हजार रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जाता है, जिसमें से 21 हजार रुपये कन्या को वित्तीय सहायता के रूप में बैंक खाते के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाता है। इसी तरह 15 हजार रूपये का उपहार सामग्री, 6 हजार रुपये का वर-वधु का श्रृंगार एवं वस्त्र इत्यादि तथा 8 हजार रूपये विवाह के आयोजन पर व्यय किया जाता है। इस तरह प्रत्येक जोड़ो को 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की जाती है।

### 10 वीं बोर्ड की सामान्य अंग्रेजी परीक्षा संपन्न ,13,130 परीक्षार्थी में 476 अनुपस्थित रहे

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 6 मार्च को सामान्य अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 13 हजार 130 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 654 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 476 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### मानस चौक से टेकनार चौक तक सीसी सड़क का विधायक ने किया भूमि पूजन

**दंतेवाड़ा** ।विधायक श्री चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा के ऑवराभाटा में मानस चौक से टेकनार चौक तक सीमेंट कांक्रीट बाई पास सीसी सड़क का भूमि पूजन किया।

# तहसील परिसर जशपुर में लर्निंग लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

शिविर में 462 आवेदन का निराकरण कर जारी किया लर्निंग लाइसेंस

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।







जिला परिवहन विभाग द्वारा जशपुर तहसील परिसर में 05 एवं 06 मार्च 2024 को लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया और यातायात नियम संबंधी पेम्पलेट वितरित किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 462 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका निराकरण कर आवेदकों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया है।

# प्रशासन से नाराज विधायक बिना सुरक्षा के नक्सल क्षेत्र में दौरे पर निकल पड़े, प्रशासन में मचा हड़कम्प

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

गरियाबंद जिले के विन्द्रानवागढ़ विस के विधायक की प्रशासन से नाराजगी बढ़ गयी है।




खुद के आवास,सुरक्षा कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था नहीं होने से प्रशासन से नाराज बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव बुधवार को अपने सुरक्षा गार्ड को नाहनबीरी मैनपुर निवास में छोडकर घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे में निकलना पड़ा इसकी भनक लगते ही जिला प्रशासन में हडकम्प मच गया ज्ञात हो कि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई गांव घोर नक्सल प्रभावित है साथ ही काफी संवेदनशील क्षेत्रो में माना जाता है और इस क्षेत्र विधायक का बिना सुरक्षा के निकल जाना प्रशासन के लिये चिंता का विषय बन गया।

## विधायक ने शासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर निकलने से पहले सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया मैनपुर लोक निर्माण विभाग के सामने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव हुए तीन माह हो चुके हैं शासन प्रशासन को देवभोग में आवास उपलब्ध कराने कई बार पत्र लिखने के बाद भी प्रशासन ने आवास उपलब्ध नही कराया। इस बात को लेकर विधायक बिफरे नजर आये वहीं उन्हें इसे विपक्ष के विधायक होने के कारण उपेक्षा बताया। विधायक जनक ध्रुव ने एक गम्भीर आरोप लगाते हुये कहा प्रशासन उन्हें व्यवस्थापिका का अंग नहीं मानती इसलिए उन्हें सुरक्षा की जरूरत नहीं है।

## विधायक का आरोप अपनी सुरक्षा के लिये सुरक्षा कर्मियों के रूकने खाने का खर्च स्वयं करते हैं

विधायक ने प्रशासन को आड़े हाथ लेते हुए कहा मैनपुर नाहनबिरी स्थित अपने आवास में स्वयं के खर्च से सुरक्षा पोर्च का निर्माण कराया सुरक्षा कर्मियों के रूकने से लेकर भोजन की व्यवस्था स्वयं उठाने की बात कही है।देवभोग क्षेत्र के दौरे में विश्रामगृह में ठहरने व्यवस्था हो जाता है पर लोकसभा चुनाव के दरम्यान कहां रूकेंगे इसकी प्रशासन ने भी चिंता नहीं की है।

## एसडीओपी ने कहा विधायक को पर्याप्त सुविधा दी गयी है

इस संबंध में चर्चा करने पर मैनपुर एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह ने बताया कि विधायक जनक ध्रुव को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रर्याप्त सुरक्षा प्रदान किया गया है। लेकिन आवास उपलब्ध कराना जिला प्रषासन का काम है आज उनके सुरक्षाकर्मी थाना में पहुंचकर जानकारी दिये है कि विधायक जनक ध्रुव बैगर सुरक्षा के दौरे पर निकल गये है। एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने कहा कि विधायक की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है और इसकी सूचना देवभोग थाना में दे दी गयी है।

## एक नजर

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का पर्याय है महतारी वंदन योजना- रत्ना पटेल

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला.केंद्रित विकास के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। जिसमें योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 हजार डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। जिले के बघनपुर ग्राम, पोस्ट माधोपाली निवासी रत्ना पटेल ने इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस योजना से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि वे इस राशि का उपयोग अपनी दैनिक एवं पारिवारिक जरूरतों में सहयोग के रूप में करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस सहयोग से अन्य आर्थिक गतिविधियों को क्रियान्वित करने के लिए हौसला मिलेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हमेशा से कमजोर असहाय समझा जाता रहा है लेकिन वे अब ऐसी मान्यताओं और पूर्वाग्रहों को धता बताकर न केवल अपनी राह में आने वाली बाधाओं से पार पा चुकी हैं, बल्कि अपने जैसी अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने में सहयोग करते हुए अपनी नेतृत्व क्षमता को बखूबी साबित कर रही हैं, और महतारी वंदना योजना इस कड़ी में एक महती भूमिका निभाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि इस योजना से प्राप्त राशि से महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बढ़ेंगी। पटेल ने इस योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद किया।

### रायगढ़ के विभिन्न सार्वजनिक आयोजनो में शिरकत करेंगे-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



विधायक रायगढ़ एवम प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी गुरुवार प्रात: 8 बजे रायपुर से कार द्वारा रवाना होकर बिलासपुर जांजगीर शक्ति सड़क मार्ग से अपराह्न 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करने पुसौर पहुंचेंगे। तत्पश्चात सड़क मार्ग से एक बजे रायगढ़ मिनी स्टेडियम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना कार्यक्रम मे शामिल होंगे। अपरान्ह 1.30 बजे डिग्री कॉलेज रायगढ़ के वार्षिकोत्सव आयोजन में शामिल होंगे। अपरान्ह 3 बजे ग्राम जुरडा में आयोजित जिला स्तरीय पशु मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपरान्ह 4 बजे महापल्ली स्थित स्वर्गीय हेमसुंदर गुप्ता जी की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# सघन पल्स पोलियो अभियान में स्वास्थ्य विभाग की 119 टीम ने चौदह हजार बच्चों को पिलायी खुराक

घुमंतु मजदूरों के बच्चे ना छुटे इसके लिये खुराक पिलाने स्पेशल टीम घर-घर पहुंचा

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।







शासन के निर्देशानुसार सघन पल्स पोलियों अभियान कार्यक्रम देवभोग में 3 मार्च से 5 मार्च 2024 यानी तीन दिन चलाया गया। जिसमें 0 से 5 बर्ष के 14067 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य देवभोग स्वास्थ्य विभाग के सामने था जिसे विभाग के टीम ने तीन दिन में पूरा कर दिया।

## 119 टीम ने तीन दिन में चौदह हजार एक सौ पचास को पिलायी खुराक

इस अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक भर में 119 टीम बनाई गई थीं। लक्ष्य के अनुरूप प्रथम दिवस 03 मार्च 2024 रविवार को 13215 बच्चों को पल्स पोलियों की खुराक दी गई।

दूसरे दिन सोमवार को ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा गृह भेंट और निरीक्षण कर 723 बच्चों को दवा पिलाई गई। कार्यक्रम के अंतिम दिन भी 202 बच्चों को गृह भेंट कर छूटे बच्चों को अधिकारी/कर्मचारी द्वारा पल्स पोलियो की खुराक दी गई। सघन पल्स पोलियो अभियान के निरीक्षण हेतु 12 सुपरवाइजर तथा मोबाइल टीम भी बनाएं गई थीं।

## अभियान को सफल करने निरीक्षण टीम ने भी पिलायी खुराक





निरीक्षण में निकले डाण्इंद्र जितेंद्र भारद्वाज व नव पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन कंचन सीनियर सुपरवाइजर आरसी वर्मा प्रभारी बीईटीओ, अजय डडसेना ;प्रभारी कोल्डचैन हेंडलर, भ्रमण करते हुए ईटएभट्टा और घुमंतू प्रवासी लोहार मजदूरों के डेरा में बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाते देखे गए।

आर सी वर्मा से बात करने पर कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुनील कुमार रेड्डी द्वारा पूर्व से प्रशिक्षण जैसी सभी तैयारियां की जा चुकी थी। जिससे इस कार्यक्रम को सफ ल बनाने में सुगमता हासिल हुई है।

# बनोरा के नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर में मिला 125 मरीजों को लाभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में अंतिम पंक्ति में खड़े बेबस बेसहारा लोगों को चिकित्सीय सुविधा का नि: शुल्क इलाज मुहैया कराने बाबा प्रियदर्शी राम के निर्देशन में माह में दो बार नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में 3 मार्च को आयोजित शिविर में 125 मरीजों को नि:शुल्क जांच का लाभ मिला। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. आरके अग्रवाल के द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया गया। अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अन्तर्गत अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में 40 मरीजों को नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया। साथ-साथ 48 मरीजों का चश्मा अगले-अगले नेत्र शिविर में वितरित करने हेतु बनने भेजा गया।

46 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया। वही जांच के दौरान 21 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले जिन्हें उचित परामर्श दिया गया। ये मरीज बनोरा,सकरबोगा, कोसमपाली, लोईग, डूमरपाली, कुकुर्दा, महापल्ली, कोतरलिया, सियारपाली,बिनोबा नगर रायगढ़,कानकतुरा, अमालिपाली, सेमिकोट,रेमता,कानिझरन, कुआकूड़ा क धनवाडेरा, ब्रजराज नगर, सालेओंना, कांटापली, जामगांव,कोलाईबहाल,बनखेता,लहंगा पाली,अकली,पलसदा, रायगढ़,आमपाली, भिखारीमाल, एम कांटापली,बसेनपाली,बरधरा, भौराचका,देलारी, चिटकाकानी, गोपालपुर, छुहिपली, भद्रआपाली,पुरैना,छोटे मुड़पार, देहरीडीपा,पिथिन्डा,चाटीपाली, गांवो से आए थे। प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अगला नेत्र शिविर 17 मार्च 2024 रविवार को आयोजित होगा।

# छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आवाहन पर विधायक व्यास कश्यप को मोदी के गारंटी पूर्ण करने हेतु ज्ञापन सौंपो

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।




छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के आवाहन पर जांजगीर चांपा जिला के द्वारा विधायक व्यास कश्यप को मोदी के गारंटी पूर्ण करने हेतु ज्ञापन दिया गया जिलाध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया की विधानसभा चुनाव के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषणा पत्र बनाने वाले विजय बघेल जी ने घोषणा पत्र में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक के वेतन विसंगति को 100 दिन में दूर करने का वादा किया गया था। लगभग 3 महीना पूर्ण हो जाने पर भी आज तक सहायक शिक्षकों को भाजपा सरकार के द्वारा भी नजर अंदाज किया जा रहा है,जो सहायक शिक्षकों के लिए बहुत ही पीड़ा दायक है, इसीलिए उन्हें स्मरण कराने के लिए संगठन के द्वारा पूरे राज्य के 90 विधानसभा में विधायक को ज्ञापन देकर आंदोलन के पूर्व ध्यान आकर्षण करने का बीड़ा उठाते हुए ज्ञापन दिया जा रहा है। आज के ज्ञापन धनाकर्षण कार्यक्रम में संगठन के प्रांतीय प्रवक्ता उमा पांडे जांजगीर चांपा जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मधु कारकेल जिला सचिव दिनेश तिवारी जिला कोषाध्यक्ष दिलीप भारती चांपा शहर अध्यक्ष आशीष सिंह जांजगीर चांपा जिला संयोजक शशिकांत पांडे कार्यकारी जिला अध्यक्ष हरीश गोपाल विवेक राठौर जिला सह मीडिया प्रभारी दीनानाथ साहू सक्रिय जिला सदस्य खमेलाल धीवर सहित सभी साथी उपस्थित थे।

# कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के समक्ष हुआ भारतीय मानक ब्यूरो का कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।








कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस के रायपुर शाखा के दल ने कार्यशाला किया। रायपुर शाखा के बीआईएस प्रमुख सुमित कुमार ने एसपीओ सचिन कुमार और एसपीसी विकास मृधा के सहयोग से पीपीटी प्रस्तुतीकरण में बताया कि किसी भी वस्तु का गुणवत्ता उसके क्वालिटी, क्षमता, गुण के आधार पर तैयार होता है, जिसमें मानक के रूप में निर्धारण किया जाता है। सभी विभाग को उपकरण, मशीन, उत्पाद आदि की खरीदी के समय भारतीय मानक दर का उपयोग कर किया जाना चाहिए। केन्द्र और राज्य और जिला प्रशासन के अधीन मानक दर निर्धारण के लिए अलग-अलग स्तर पर जांच दल, विभाग, एजेंसी होते हैं, जो जांच करते हैं। सुमित कुमार ने बताया कि पानी के बोतल से लेकर हर एक उत्पाद में चिपके या प्रिन्टेड जानकारी से उस उत्पाद के मानक के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। यदि कोई उत्पाद आईएस मार्क है तो वह नंबरए प्रतीक आदि से उत्पाद के साथ जुड़ा होगा। यदि कोई गहने का दुकानदार बिना मार्क और मार्क वाले गहनों के बीच ज्यादा अंतर बताता है तो यह गलत है। मार्क और बिना मार्क के गहने के बीच 40 रूपए का अंतर होता है। इसी प्रकार गहने में मार्क के साथ वर्तमान में 6 नंबर अंकित होगा। व्यवसायी कोई पदार्थ में भारतीय मानक ब्यूरो से यदि रजिस्ट्रेशन नहीं किया है और मार्क का उपयोग कर रहा है तो वह मानक कानून के तहत आरोपी होगा। सुमित कुमार ने कहा कि सभी विभागों से जुड़े उत्पाद, उपकरण आदि के लिए मानक तय है और उत्पादों के लिए केन्द्र सरकार ने जांच के लिए विभाग भी तय कर रखे हैं। व्यवसायी के उत्पाद, रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस आदि के बारे में वेबसाइट बीआईएस डॉट जीओवी डॉट इन से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नियम कानून के अनुसार प्रकरणों का निराकरण करें-कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर साहू ने जिले में मुख्यमंत्री जन शिकायत और जन चैपाल पोर्टल और संबंधित विभागों के लंबित आवेदनों की समीक्षा की।







कलेक्टर ने जिले में अवैध शराब और नशीली दवा की रोकथाम के लिए आबकारी अधिकारी सोनल नेताम और वन अधिकार पट्टा से संबंधित प्रकरणों के लिए ट्राइबल विभाग के अधिकारी आशीष बैनर्जी सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी आवेदन, शिकायत, शासकीय कार्य विधि सम्मत, नियम कानून के अनुसार निराकरण होना चाहिए, चाहे वह आवेदक के हित में हो या अहित में। साहू ने उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव से पीएम किसान सम्मान निधि के जिले की स्थिति के बारे में जानकारी ली। श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना के लाभ से वंचित किसान अपने बैंक खाता का ई.केवायसी, आधार सीडिंग, भूमि सीडिंग की प्रक्रिया कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला से आयुष्मान और सिकलसेल सहित राष्ट्रीय कुष्ठ सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन और स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त किए। साहू ने समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी से पूछा कि सामाजिक सहायता पेंशन की जिले में स्थिति क्या है। तिवारी ने बताया कि 90 प्रतिशत नागरिकों को पेंशन दी जा रही है। कलेक्टर साहू ने कहा कि मुझे इस संबंध में पेंशन नहीं मिलने के आवेदन प्राप्त हुए हैं, पात्र सभी हितग्राही को 100 प्रतिशत पेंशन प्रदान करें।

कलेक्टर साहू ने दिव्यांग प्रमाण पत्र के संबंध में कहा कि सीएमएचओ डॉ.निराला से कहा कि द्वितीय शनिवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर से पूर्व आवश्यक व्यवस्था पूर्ण कर लें और संबंधित डॉक्टरों को शिविर में शामिल होने की सूचना प्रदान करें। साहू ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जिले में पेयजल, नलकूप, हैंडपंप में पानी की स्थिति, आयरन और फ्लोराइड युक्त क्षेत्र, विभाग के कर्मचारियों, फ ील्ड में मैकेनिक आदि के संबंध में जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के जिला प्रबंधक नान सूर्यकांत शुक्ला को निर्देशित किया कि धान समिति केन्द्रों से धान उठाव शीघ्र कराएं और धान उठाव के अनुसार धान मिलिंग कर चावल भंडार गृह में जमा करें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन के पीपीईएस सॉफ्टवेयर में वंचित अधिकारी-कर्मचारी एंट्री करें। कोई भी शासकीय सेवक यदि इस चुनाव ड्यूटी नहीं करने के उद्देश्य से सॉफ्टवेयर में एंट्री नहीं करते हैं तो उसके विरूद्ध जिला प्रशासन की कार्यवाही के लिए वो शासकीय सेवक और उसके प्रभारी अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

बैठक में अपर कलेक्टर दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, एसडीएम वासु जैन, डॉ.स्निग्धा तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, विद्युत प्रभारी अधिकारी नरेन्द्र नायक, बृजेन्द्र ठाकुर रोजगार अधिकारी रामजी राम, खनिज अधिकारी एचडी, भारद्वाज उपस्थित थे।

# सिकलसेल से जुझ रहे आयुष और आरूशी की सहायता के लिए सीएम ने बढ़ाया हाथ

* चिरायु टीम हुआ सक्रिय, रक्त रोग विशेषज्ञ करेंगे उपचार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**सिकल सेल की गंभीर बीमारी से जुझ रहे दो मासूम बच्चों को बीमारी से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहल की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु शाखा ने पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच में जुटा हुआ है।**



जिले के कांसाबेल तहसील के खूंटीटोली की निवासी दुर्गावती चौहान अपने दोनों बच्चे आयुष चौहान 5 वर्ष और आरूषि चौहान 2 वर्ष को लेकर बगिया स्थित सीएम कैम्प पहुंची थी। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बताया कि उनके दोनों बच्चे सिकलसेल से पीड़ित है। उन्हें लगातार दवा और रक्त की जरूरत पड़ती है। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएम साय ने दुर्गावती की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ डॉ.आर.एस पैंकरा को पीड़ित बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। निर्देश का पालन करते हुए डॉ. पैंकरा ने स्वास्थ्य विभाग की चिरायुटीम को आयुष और आरूषि की इलाज का उचित प्रबंधन करने को कहा है।

चिरायु के नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द रात्रे ने बताया कि सिकलसेल जन्म से होने वाली अनुवांशिक बीमारी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश का पालन करते हुए सिकलीन पीड़ित दोनों बच्चों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराया जा रहा हैं। रक्त और दवा जिसकी भी जरूरत होगी। पीड़ित बच्चों को उपलब्ध कराया जाएगा। काउंसलिंग के बाद आवश्यक हुआ तो दोनों पीड़ित बच्चों को रक्त रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## सिकलसेल उन्मूलन अभियान जोरो पर

*डॉ. अरविन्द रात्रे ने बताया कि सिकलसेल मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जिले में सिकलसेल की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिकलसेल से जुझ रहे मरीजों को प्राथमिक राशन कार्ड,दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पीड़ित मासूम आयुष और आरूषि के संबंध में डा रात्रे ने बताया कि इनकी काउंसलिंग की जा रही है। बच्चों को रक्त की जरूरत होगी तो उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा। हाईड्रोक्सी यूरिया नामक दवा से सिकलसेल पीड़ित मरीजों को राहत मिलती है।*

# चेट्रीचंड्र पर्व पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा से सिन्धी समाज में हर्ष की लहर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सिन्धी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश की घोषणा का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सिंधु मंच रजि की संस्थापक अध्यक्ष डॉ सपना कुकरेजा एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता हीरा मोटवानी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह समाज की बहुप्रतीक्षित मांग थी। जिसमें समाज के विभिन्न संस्थाओं और विभिन्न पूज्य पंचायत की ओर से समय समय पर यह मांग रखी जाती रही है कि इस शुभ दिन पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। विगत एक जून 2022 को राष्ट्रीय सिंधु मंच रजि ने भी तत्कालीन महामहिम राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके से सौजन्य भेंट कर उन्हें अपने इष्ट देव भगवान झूलेलाल के जन्मदिवस चेट्रीचंड्र पर सार्वजनिक अवकाश







घोषित करने हेतु एक अनुरोध पत्र सौंपा था। और अभी 5 मार्च को रायपुर में प्रदेश के सभी पूज्य पंचायतों के महती सम्मेलन में मुख्यमंत्री के सम्मान समारोह के दौरान जब प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष यह मांग रखी गई तो उन्होंने तत्काल ही इस पर विचार करते हुए इसकी घोषणा कर दी। निश्चित ही यह प्रदेश के सिंधी समाज के लिए एक प्रसन्नता का विषय है हम सभी राष्ट्रीय सिन्धी मंच के पदाधिकारी सह संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, गंगाराम अमेसर,अर्जुन दास लखवानी, रोमा वाधवानी अंकित केवलानी, अश्वनी वटवानी,विजय देसुजा, दिव्या आडवाणी, कमल देसूजा, दीपक भटेजा गुरुबक्श जादवानी,मनीष, राजा, सहित देश के विभिन्न राज्यों प्रतिनिधि सदस्य इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

भारतीय वायु सेना

# 28 मार्च से 05 अप्रैल 2024 तक भर्ती रैली, लाल परेड ग्राउंड भोपाल मध्य प्रदेश में

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारतीय वायुसेना में शामिल होने के लिए 28 मार्च से 05अप्रैल 2024 तक भर्ती रैली लाल परेड ग्राउंड, भोपाल मध्य प्रदेश में होगा। जिसमें एक वायुसैनिक के रूप में भारतीय वायुसेना में शामिल हो सकते हैं। भारतीय वायु सेना भारतीय/गोरखा नेपाल का एक विषय पुरुष उम्मीदवारों को आमंत्रित करती है। ग्रुप वाई;गैर.तकनीकी, में वायुसैनिकों के लिए चिकित्सा सहायक ट्रेड प्रवेश 01/2024 एंट्री लाल परेड ग्राउंड, भोपाल, मध्य प्रदेश में होगा। इस हेतु चिकित्सा सहायक 102 वाले उम्मीदवारों के लिए, के लिए अभ्यर्थी को अविवाहित होना चाहिए और 24 जून 2003 और 24 जून 2007 दोनों तिथियां सम्मिलित, के बीच हुआ। चिकित्सा सहायक फ ार्मेसी में डिप्लोमा/बीएससी वाले उम्मीदवारों के लिए। अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2000 और 24 जून 2005 दोनों तिथियों के बीच होना चाहिए। विवाहित उम्मीदवार का जन्म 24 जून 2000 के बीच होना चाहिए। उम्मीदवार को 102 इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिकीए रसायन विज्ञानए जीव विज्ञान और अंग्रेजी केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ और 50 प्रतिशत अंकों के साथ अंग्रेजी में या गैर व्यावसायिक विषयों के साथ दो साल का व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिए। केंद्रीय द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक, उम्मीदवार को इंटरमीडिएट 102,समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और अंग्रेजी कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक। इसके अलावा न्यूनतम योग्यता के साथ फार्मेसी में डिप्लोमा बीएससी राज्य फार्मेसी काउंसिल से वैध पंजीकरण के साथ कुल 50 प्रतिशत अंक या नामांकन के समय फ ार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया पीसीआई अनिवार्य होगा। केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड 102 या समकक्ष के लिए, केवल अनुमति दी जाएगी। दशमलव से पहले अंकों का सटीक कुल प्रतिशत, जैसा कि अंकों में लिखा गया है 102, इंटरमीडिएट, समकक्ष, डिप्लोमा, फ ार्मेसी में बीएससी की शीट या गणना संबंधित शिक्षा बोर्ड के नियमों के अनुसार ही विचार किया जाएगा। 49.99 प्रतिशत को 49 प्रतिशत के रूप में लिया जाना चाहिए और इसे 50 प्रतिशत तक पूर्णांकित नहीं किया जाना चाहिए। ग्रुप और ट्रेड केवल मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए ग्रुप वाई गैर.तकनीकी, में एयरमैन होगा। रैली स्थल पर रिपोर्टिंग का समय: 28 मार्च 2024, 31 मार्च 2024 को सुबह 6 बजे और 03 अप्रैल 2024 और रिपोर्ट करने का अंतिम समय 10 बजे होगा। राज्य व जिले में 28 मार्च 2024 केवल 102 वाले उम्मीदवारों के लिए। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 31 मार्च 2024 ;केवल 102 वाले उम्मीदवारों के लिएद्ध। गुजरात राज्य के सभी जिले, महाराष्ट्र, गोवा, केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव, लक्षद्वीप और दादर और नगर हवेली 03 अप्रैल 2024 केवल फ ार्मेसी में डिप्लोमा बीएससी वाले उम्मीदवारों के लिए। सभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा राज्यों के जिले दमन और दीवए लक्षद्वीप और दादर और नगर हवेली के केंद्र शासित प्रदेश।

शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया संबोधन

जशपुर में विधायक रायमुनी भगत हुईं शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




**लखपति दीदी, स्व.सहायता समूह की महिलाओं को किया गया सम्मानित**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति संवाद अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में देश भर से वर्चुअल माध्यम से लोग जुड़े हुए थे। इसी कड़ी में जशपुर शहर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत शामिल हुईं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण मौजूद रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन और जशपुर नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में जशपुर ब्लॉक की स्व.सहायता समूह, एनजीओ सहित अन्य समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक रायमुनी भगत द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु कई स्व.सहायता समूहों की महिलाओं एवं लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से शोमा टोप्पो, मोनिका स्व.सहायता समूह, सरस्वती बाई, मोती स्व.सहायता समूह, लक्ष्मी यादव.तपकरा, दुर्गा स्व.सहायता समूह सहित अन्य समूहों को सम्मानित किया गया। वही आरा की लखपति दीदी समीता खाखा होटल कार्य, कनमोरा से लखपति दीदी और जागृति महिला मंडल स्व.सहायता समूह साल निर्माण, लखपति दीदियों को सम्मानित किया गया। इसके आलावा अन्य स्व.सहायता समूहों की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक रायमुनी भगत द्वारा नगर पालिका वार्ड क्र 16 के अंत्योदय कार्ड धारकों को नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया। जिसमें जिसमें प्रमुख रूप से रजनी बाई, सुमिया बाइ, रंजीता भगत और जयमुनी सहित अन्य अंत्योदय कार्ड धारक शामिल हैं।




# नेशनल लोक अदालत पूरे देश सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ के समस्त न्यायालय में 09 मार्च हो होगी आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के समस्त जिला एवं तालुका के न्यायालय से लेकर उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के स्तर तक सभी न्यायालयों में 09 मार्च 024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायालय के समस्त 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण जैसे.बैंक मेटर्स, विद्युत बिल, जलकर, टेलीफ ोन बिल से संबंधित प्रकरणों का पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये जाने के अतिरिक्त न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिविल, राजस्व न्यायालयों, धारा 138 एनआई एक्ट, फैमिली कोर्ट के मेटर के प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया जाना है। उक्त लोक अदालत में पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किया जाना है। लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भावना उत्पन्न होता है तथा दोनो पक्षों के मध्य शत्रुता समाप्त होकर दोनो ही पक्षों की जीत होती है और साथ ही साथ समय, धन व श्रम की बचत होती है। इस नेशलन लोक अदातल का लाभ लेकर अपने सामाजिक जीवन को विवाद मुक्त कर, साकार एवं सफ ल बनाये के लिए अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं।

# विनय साहू आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी बिलासपुर के किकबॉक्सिंग खिलाड़ी विनय साहू का चयन आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुवा है इस संबंध में जानकारी देते हुवे महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 9 मार्च तक स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ की मेजाबानी मे आयोजित किया जा रहा है इस प्रतियोगिता के लिए एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कामर्स एंड साइंस बिलासपुर के विनय साहू बी काम एल एल बी छठवें सेमेस्टर के छात्र का चयन 84 किलोग्राम वजन वर्ग में अटल विहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर की किकबॉक्सिंग टीम में हुआ है विनय का चयन इंटर कालेज किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतने पर है इससे पहले भी विनय ने 2022 में आल इंडिया किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता जो अयोध्या में आयोजित किया गया था। उसमे सिल्वर मैडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया था। इनके चयन होने पर महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, टी एस चैयरमेन उपकार राय, एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ.अर्चना शुक्ला, एलसीआईटी स्कूल ऑफ फार्मेसी प्राचार्य डॉ. रुति राठौर, एलसीआईटी कालेज ऑफ कॉमर्स उपप्राचार्य अभिनव पाल,इंजीनियरिंग विभाग उपप्राचार्य शुभी श्रीवास्तव आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# बहुभाषा शिक्षण पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ के कुशल प्रबंधन में प्राथमिक स्तर पर बहुभाषा शिक्षण के लिए सेजेस नटवर विद्यालय रायगढ़ में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। रायगढ़ में प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ी, सम्बलपुरी तथा कुड़ुख जैसे स्थानीय प्रचलित भाषाओं को शिक्षण में बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी समय में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं को प्रारंभिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी तत्वाधान में शिक्षा विभाग रायगढ़ के द्वारा संविधान की धारा 350-क में वर्णित अनुच्छेद के अनुपालन में जिले के भीतर प्रत्येक भाषायी वर्गों के विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं के लिए व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। कक्षा एक और दो के लिए स्थानीय भाषानुरुप पाठ्यवस्तु तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बहुभाषा के तथ्य, बहुभाषी शिक्षण सिद्धांत, स्थानीय भाषाओं में वार्तालाप पुस्तिका, शब्दकोश, फ्लैश कार्ड, छोटी कहानियों पर आधारित चित्रकथा निर्माण तथा अन्य सहायक शिक्षण सामग्री पहचान के गुर प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया गया। स्थानीय बोलियों में पढ़ाई की व्यवस्था के लिए अवधारणात्मक समझ तथा प्रक्रिया पर परस्पर अंत:क्रिया संवाद द्वारा गहन चर्चा किया गया। प्रशिक्षण की अवधि में डॉ.नरेन्द्र पर्वत, विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक रायगढ़ श्री मनोज अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ी, ओड़िया-सम्बलपुरी तथा कुडुख के लिए रायगढ़ जिले के राज्य स्त्रोत व्यक्ति रुद्र प्रसाद शर्मा, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला तरडा, पुसौर तथा निरंजन लाल पटेल, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला लामीखार, धरमजयगढ़ ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यशाला में रायगढ़ जिले के अलावा सारंगढ़-बिलाईगढ़ के बरमकेला तथा सारंगढ़ के चालीस खण्ड स्त्रोत व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# शासकीय महामाया महाविद्यालय में अनावश्यक राजनीति करवाने का एनएसयूआई ने किया जमकर विरोध

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।










शासकीय महामाया महाविद्यालय रतनपुर में इस वर्ष भी वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरुस्कार वितरण का आयोजन 5 मार्च को किया गया। जबकि विश्विद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर में इस तरह की संस्कृतिक गतिविधियों हेतु दिसम्बर माह तक का समय निर्धारित है इस आदेश की अवहेलना करते हुए शासकीय महाविद्यालय के जिम्मेदार प्रभारियों द्वारा मार्च माह में आयोजन करवाया जा रहा है। जिसका एनएसयूआई के छात्र-छात्राओं ने जोरदार नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध का मुख्य उद्देश्य विश्विद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा की तिथि भी घोषित कर दी गयी है, मुख्य परीक्षा के ठीक 10 दिन पहले इस तरह का आयोजन करवाये जाने से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बाधित होगी आयोजन हेतु अतिथियों के चयन हेतु महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा एक तरफा फैसला लेते हुए सत्ता के दबाव में आकर पार्टीगत भावना दिखाया गया। यह पहला मामला नही है पहले भी महाविद्यालय के पुराने प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक, प्राचार्य,प्रभारी प्राचार्य द्वारा इस तरह के फैसले से महाविद्यालय में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न किया जा चुका है, जिसको लेकर लेकर एनएसयूआई के द्वारा कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर कुलपति के नाम प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें एनएसयू आई के प्रदेश सचिव राजा रावत, पूर्व उपाध्यक्ष रियाज खोखर,ब्लॉक अध्यक्ष अभिनव तिवारी,छात्र नेता सुमित दुबे, धनजय, मानसताम्रकार, अभिषेक, उस्मान, जतिन, अमन, राहुल, मनीष तिवारी,अविनाष,प्रवीण अंकुल, प्रशांत जायसवाल, आरती, मार्टिना पुरस्तम, आर्ची,मुस्कान,माही,रजनी सुरेश्वरी,आंजली, अर्चना जयंती सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# पहले बाकारुमा फिर प्रेमनगर अब बगुड़ेगा में दिखा डीबीएल कंपनी की दादागिरी, गरीब आदिवासी किसान हो रहे परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण ठेकेदार की दादागिरी थमने का नाम नहीं ले रहा है, आये दिन डीबीएल कंपनी की शिकायत लेकर ग्रामीण एसडीएम के पास आ रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा डीबीएल कंपनी का काम बाकारूमा में बंद करवा दिया गया था कारण था कि ग्रामीणों को बिना मुआवजा दिये किसानों के जमीन में जबरन काम शुरू किया था ग्रामीणों के विरोध के बाद डीबीएल कंपनी काम बंद कर दिया था, दो दिन पहले बायसी कालोनी में भी ठेकेदार


प्रति,
श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व
धरमजयगढ़ जिला-रायगढ़
विषय- बिना मुआवजा दिये डीबीएल कंपनी द्वारा कार्य करने पर कार्यवाही करने बाबत।
महोदय,
दिनांक 05/03/2024

द्वारा दादागिरी करते हुए किसान के खेत में जबरन काम कर रहे थे, आज फि र डीबीएल कंपनी कि दादागिरी सामने आई हैं जिसमे



कंपनी के कर्मचारी मशीन लेकर जबरन ग्रमीण के खेत में घुस गए और पूरे खेत को साफकर दिया। मामला लैलूंगा के बागुड़ेगा गांव का है जहांभारत माला परियोजना में किसान का जमीन आ रहा है, जिसका सर्वे के बाद मुआवजा भी बनाया गया। मुआवजा वितरण का कार्य धरमजयगढ़ राजस्व विभाग के अंतर्गत चल रहा है पर किसान को उसके मुआवजा अभी तक नहीं मिला।

तहसील से गांव दूर होने के फ ायदा उठाकर डीबीएल कंपनी वाले जबरन उसके जमीन में सफ ाई कर दी जिसकी शिकायत लेकर किसान आज धरमजयगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचा। सूरज राठिया पिता संपत राठिया निवासी बगुडेगा तहसील लैलूंगा ने बताया कि उसके पिताजी के नाम पर खसरा नंबर 54/2 रकबा 0.5090 हे. जमीन है जिसका कुछ हिस्सा भारत माला परियोजना अंतर्गत अधिग्रहण हुआ है जिसका मुआवजा राशि कितना और किस आधार पर बना है उसको किसी प्रकार कि कोई जानकारी नहीं। उक्त जमीन में कई पेड़ था जिसे काट कर फेंक दिया है। डीबीएल कंपनी द्वारा जबरदस्ती उनके जमीन में मशीन लगाकर सफ ाई करवाया जा रहा हैं जिसको मना करने पर डीबीएल कंपनी के कर्मचारी द्वारा उन्हें धमकाया जाता है जिससे परेशान होकर आज वह एसडीएम कार्यालय शिकायत करने पहुंचा।

# गंज थाना क्षेत्र के एक धर्मशाला से लाखों की विदेशी करेंसी जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

थाना गंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित एक धर्मशाला में एक व्यक्ति रूका है, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है तथा अपने पास विदेशी करेंसी मुद्रा रखा है। कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गंज के नेतृत्व में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा धर्मशाला में जाकर व्यक्ति से पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम फिरोज लखानी निवासी सूरत गुजरात का होना बताया। पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में अलग-अलग देशों की विदेशी करेंसी मुद्रा रखा होना पाया गया। विदेशी करेंसी मुद्रा रखने एवं परिवहन करने के संबंध में फिरोज लखानी से



वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा फिरोज लखानी के पास रखें अलग-अलग देशों की विदेशी करेंसी मुद्रा भारतीय मुद्रा में 706720 रूपये को धारा 102 जा.फौ. के तहत थाना गंज में जप्त किया गया है तथा आयकर विभाग को सूचना दी गई है। फिरोज लखानी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 134/23 धारा 420,34 थाना उरला में अपराध क्रमांक 52/22 धारा 409 भादवि तथा न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 209/23 धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध है। फिरोज लखानी के विरूद्ध थाना उरला के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है, जिसमें फिरोज लखानी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। फिरोज लखानी पिता उस्मान लखानी उम्र 44 साल निवासी मकान नंबर 304 शालीमार पार्क सोसायटी थाना सचिन जिला सूरत गुजरात।

# सिक्यूरिटी गार्ड के पद हेतु रोजगार मेला का आयोजन 11 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण जशपुर में जिले के बेरोजगार युवक युवतियों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के पद हेतु रोजगार मेला का आयोजन 11 मार्च 2024 को किया जा रहा है। रोजगार हेतु साक्षात्कार का समय सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रहेगा। इस पद के लिए योग्यता 10वीं पास या उससे अधिक है, उम्र 20 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक, ऊंचाई युवकों के लिए न्यूनतम 5 फीट 6 इंच एवं युवतियों के लिए 5 फीट 4 इंच होगी। इस पद पर चयन होने पर चयनि हितग्राहियों को प्रकाश इंडस्ट्रीज जांजगीर-चम्पा छत्तीसगढ़ में रोजगार प्रदान किया जाएगा। चयनित युवक-युवतियों की मासिक वेतन 10 हजार रूपए प्रति माह व ईसीआईसी, पीएफ सुविधा के साथ भोजन और आवासीय सुविधा भी प्रदाय किया जाएगा। साक्षात्कार हेतु युवक-युवती 10वीं की अंसूची, आधार कार्ड, अपना बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पास पोर्ट साईज फोटो लाना होगा। अधिक जानकारी के लिए कौशल विकास प्राधिकरण रंजीता स्टेडियम के सामने अथवा मोबाईल नम्बर 9399696970 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कांग्रेस पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करती भाजपा




आपकी बात
संजीव वर्मा

लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले ही भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर मुख्य प्रतिद्वंदी कांग्रेस से मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली है। कांग्रेस में अभी हलचल ही दिखाई दे रही है और भाजपा ने मैदान में योद्धा उतारकर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। दरअसल भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तर्ज पर प्रत्याशियों का ऐलान कर उन्हें चुनाव प्रचार सहित अन्य तैयारियों के लिए पर्याप्त समय दे दिया है, ताकि जीत के लिए कोई कोर कसर बाकी न रह जाए। जहां तक प्रत्याशियों का सवाल है तो उसने अपने 9 वर्तमान सांसदों में से 7 के टिकट काट दिए। सिर्फ दुर्ग से विजय बघेल और राजनांदगांव से संतोष पांडेय पर भरोसा जताया है। वैसे यह उम्मीद के मुताबिक है। पहले से ही कहा जा रहा था कि कई सांसदों के टिकट काटे जाएंगे। भाजपा में ऐसा होता भी रहा है, लेकिन 3 नाम चौंकाने वाले हैं। इनमें सबसे पहला नाम प्रदेश के कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का है, जिन्हें रायपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। बृजमोहन को चुनावी रण में माहिर माना जाता है। वे लगातार 8 बार के विधायक हैं और पिछला विधानसभा चुनाव रिकॉर्ड 67 हजार मतों से जीते हैं। बृजमोहन को प्रत्याशी बनाए जाने पर राजनीतिक गलियारे में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने सुनने को मिल रही है। कोई इसे भाजपा की जीत की गारंटी के रूप में देख रहा है, तो कोई इसे बृजमोहन के राज्य से बाहर भेजने की रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। खैर, जो भी हो लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने बृजमोहन पर बड़ा दांव खेला है। दूसरा चौंकाने वाला नाम कोरबा से प्रत्याशी सरोज पांडेय का है। सरोज पांडेय दुर्ग की रहने वाली है और वहां से सांसद भी रही हैं। लेकिन उन्हें अचानक कोरबा से प्रत्याशी बनाकर भाजपा ने राजनीतिक पंडितों को आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे सरोज पांडेय का कोरबा से लगातार संपर्क रहा है। कोरबा से वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत की क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। महंत नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की पत्नी है। कांग्रेस उन्हें फिर से अपना प्रत्याशी बना सकती है। ऐसे में इस सीट पर लड़ाई बेहद दिलचस्प होने वाली है। वहीं, तीसरा चौंकाने वाला नाम चिंतामणी महाराज का है। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज चिंतामणी महाराज ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा को इसका फायदा भी मिला और इसी के पुरस्कार स्वरूप उन्हें सरगुजा से प्रत्याशी बनाया गया है। वैसे चिंतामणी महाराज की सरगुजा में अच्छी-खासी पकड़ है। संत गहिरा गुरू के पुत्र होने के कारण आम जनता का उनसे लगाव है। अन्य सीटों पर भी भाजपा ने जातीय और क्षेत्रीय संतुलन के साथ प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। वह सभी 11 सीटों पर जीत का दावा भी कर रही है। उसे मोदी की गारंटी, किसानों से 3100 रूपये में धान खरीदी, महतारी वंदन योजना और रामलला दर्शन योजना पर पूरा भरोसा है। वहीं, कांग्रेस विधानसभा चुनाव की हार से उबरकर लोकसभा चुनाव में नहले पर दहला मारने की तैयारी में है। भले ही अभी तक प्रत्याशी चयन नहीं किया है, लेकिन उसे उम्मीद है कि इस बार चौंकाने वाले नतीजे सामने आएंगे। उसे कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की श्भारत जोड़ो न्याय यात्रा से बहुत उम्मीदें हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का कहना है कि राहुल गांधी की यात्रा का प्रभाव छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव में भी पड़ेगा। उनका यह भी मानना है कि इस यात्रा से पार्टी के कार्यकर्ताओं को एक नई ऊर्जा मिली है और यह ऊर्जा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत दिलाने का काम करेगी। फिलहाल कांग्रेस में 11 लोकसभा सीटों पर कौन से चेहरे होंगे। इसका सभी को इंतजार है। पार्टी में हलचल तेज हो गई है। दावेदारों की सूची भी बन चुकी है। वैसे भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस को मौका दे दिया है कि वह प्रत्याशी चयन में अपने प्रतिद्वंदी को भी तौल लें। यह भाजपा का आत्मविश्वास है या अति आत्मविश्वास, यह तो बाद में पता चलेगा। लेकिन उसने पहली बाजी जीत लेने का दावा जरूर कर सकती है।

# भाजपा सांसद प्रत्याशी राधेश्याम का धरमजयगढ़ में हुआ भव्य स्वागत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

भाजपा छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा कर चूका है, जिसमें रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को बनाया है। सांसद प्रत्याशी बनने के बाद से राधेश्याम राठिया अपना चुनाव प्रचार जोर-शोर से शुरू कर दिया है। सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठि आज धरमजयगढ़ में जनता का आर्शीवाद लेने पहुंचे थे। धरमजयगढ़ में राधेश्याम राठिया का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जैसे-जैसे चुनाव की घड़ी नजदीक आते जा रही हैं वैसे-वैसे चुनावी प्रचार प्रसार बढ़ते जा रहा है। आज सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया का धरमजयगढ़ आगमन हुआ। सांसद प्रत्याशी राधेश्याम



राठिया का भाजपा कार्यकर्ताओं से जोरदार स्वागत किया। सांसद प्रत्याशी का स्वागत भाजपा नेता हरिश्चन्द्र राठिया, मंडल अध्यक्ष गोकुल नारायण यादव, महामंत्री शिशुपाल गुप्ता, अनिल पाण्डेय, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशि पटेल, बीडीसी वीणा विश्वास, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष तरूण श्याम साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष टारजन भारती, पूर्ण नगर पंचायत अध्यक्ष महेश चैनानी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष लीलाम्बर यादव, गोविन्द दास महंत, इंदु जेठवानी, राम चंद्र, भरत साहू, विजय अग्रवाल व अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे। जिसके बाद राधेश्याम राठिया द्वारा गांधी चौक में लगे राम भगवान के तस्वीर को प्रणाम कर गांधी जी के मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया, फि र जनता का आशीर्वाद लेने नगर का पैदल भ्रमण कर वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिए साथ ही नगर की जनता से भेंट मुलाकात किये। तब पूरे नगर का भ्रमण कर कार्यक्रम के अगले चरण के लिए पैदल यादव भवन तक गए इसमें उन्हें जनता का खूब सहयोग मिला साथ ही उनके साथ पैदल आम जनता भी चल रही थी। यादव भावन में कार्यक्रम की शुरुआत भगवान के चरणों में पुष्प अर्पण से हुईं जिसके बाद भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोकुल यादव ने कार्यक्रम में आये सभी को सांसद प्रत्याशी राधेश्याम के व्यक्तित्व के बारे में बताया साथ ही उन्होंने हरिशंचंद्र राठिया का धन्यवाद करते हुए बताया की यह इन्ही के मार्गदर्शन का नतीजा है कि पिछले विधानसभा में 40000 मतों की खाई थी वो इस बार लगभग 10000 तक रहा गई। और साथ ही गोकुल यादव ने कुछ ही दिन पहले नगर पंचायत अध्यक्ष के भाजपा में शामिल होने को लेकर कहा की धरमजयगढ़ से लगभग 4000 की लीड में थे अब यह बढ़कर 8 हजार हो जायेगा। इनके पश्चात सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधन करते हुए सबसे पहले सभी का आभार व्यक्त किया और कहा की आप लोगों का अच्छा स्नेह मिल रहा इसके लिए मैं आभारी हूं, आप लोग मुझ पर अपना आशीर्वाद बनाये रखें मैं आपके अपने भाई, बेटा जैसा हूं और आपके लिए ही काम करूंगा। मैं आज आप लोगों के सामने वोट मांगने नहीं आया हूं मैं सिर्फ आप लोगों से मिलने आया हूं क्योंकि मैं भी धरमजयगढ़ का हूं और मुझे मौका मिला है कि मैं अपने संसदीय क्षेत्र का सेवा कर सकूं इसमें आप सभी का आशीर्वाद मुझे चाहिए।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम,विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा महिलाओं को मिला सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सीतापुर विधानसभा के बतौली मंडल में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक रामकुमार टोप्पो एवं जिला कलेक्टर विलास भोसकर व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए चलाए जा रहा। इस कार्यक्रम में मोदी का लाइव संबोधन सुनने के लिए काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहें। जहां सभी ने मोदी जी का संबोधन को बहुत ही ध्यान से सुनाएं। आमसभा को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा, महिलाओं को मिलेगा सम्मान,मोदी के द्वारा चलाया जा









रहा सभी योजना का लाभ उठाने के लिए हम सब को साथ साथ चलना है, और मोदी को चुना है जिस प्रकार महिलाओं को उनका अधिकार देने में मोदी का सर्वप्रथम योगदान रहा है इसीलिए मैं आशा करूंगा। कि हम सब एक होकर, मोदी का साथ दें,और फिर से इस बार मोदी को चुनकर लोकसभा तक पहुंचाएं। ताकि हमारा भारत विकसित भारत बन सके।

# बहुभाषा शिक्षण पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ के कुशल प्रबंधन में प्राथमिक स्तर पर बहुभाषा शिक्षण के लिए सेजेस नटवर विद्यालय रायगढ़ में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। रायगढ़ में प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ी, सम्बलपुरी तथा कुडुख जैसे स्थानीय प्रचलित भाषाओं को शिक्षण में बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी समय में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं को प्रारंभिक कक्षाओं के



पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी तत्वावधान में शिक्षा विभाग रायगढ़ द्वारा संविधान की धारा 350 -क में वर्णित अनुच्छेद के अनुपालन में जिले के भीतर प्रत्येक भाषायी वर्गों के विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं के लिए व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। कक्षा एक और दो के लिए स्थानीय भाषानुरुप पाठ्यवस्तु तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बहुभाषा के तथ्य, बहुभाषी शिक्षण सिद्धांत, स्थानीय भाषाओं में वार्तालाप पुस्तिका, शब्दकोश, फ्लैश कार्ड, छोटी कहानियों पर आधारित चित्रकथा निर्माण तथा अन्य सहायक शिक्षण सामग्री पहचान के गुर प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया गया। स्थानीय बोलियों में पढ़ाई की व्यवस्था के लिए अवधारणात्मक समझ तथा प्रक्रिया पर परस्पर अंतरूक्रिया संवाद द्वारा गहन चर्चा किया गया।

# एसईसीएल आवासीय परिसर से मंच का शेड गायब प्रबंधन को जानकारी नहीं

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

एसईसीएल कालोनी नवापारा छाल के आवासीय कालोनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गणेश पूजा जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आवासीय परिसर के हृदय स्थल में मंच का निर्माण कराया गया था जहां सार्वजनिक कार्यक्रम होते रहते हैं। एसईसीएल के हृदयस्थल में बने मंच के शेड को उतारकर रख लिया गया है जिसकी जानकारी एसईसीएल प्रबंधन को ना हो ये बात समझ से परे हैं या फिर कोई सुध लेना ही नहीं चाहते, वहीं कालोनी में निवासरत लोगों का कहना है कि एसईसीएल से सेवानिवृत्ति हुए कर्मचारी, एटक यूनियन के महामंत्री रामायण कुलदीप का मकान इस मंच के



पीछे छीप जा रहा था शेड की वजह से दिख नहीं रहा था जिसकी वजह से रामायण कुलदीप द्वारा शेड को बिना किसी को सूचना दिए निकाल दिया गया है, ताकि उनका मकान दिखाई दे वहीं मकान के सामने एटक यूनियन का कार्यालय भी है मकान को अभी हाल ही में शेड उतारने के बाद पेंट भी कराया गया है, अभी भी वर्तमान में रामायण कुलदीप संगठन में है। आपको बता दे कि कोल इंडिया के नियमानुसार रिटायर होने पर उनके पीएफ और ग्रेजुवेटी का पैसा तभी कर्मचारियों को दिया जाता है जब कर्मचारी द्वारा एसईसीएल का मकान खाली किया गया हो, प्राप्त जानकारी के अनुसार रामायण कुलदीप अभी भी नवापारा स्थित एसईसीएल के आवासीय कालोनी में एम-77, एम-78 में कब्जा करके दोनों मकान को अपने पास रखे हैं, जिसके बाद भी एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा यहां ट्रेड यूनियन के नेता के साथ मिलीभगत करके उनका पूरा पैसा दे दिया गया है जो की कोल इंडिया के नियम के खिलाफ है। रामायण कुलदीप यूनियन का सदस्य होने के कारण कालोनी वाले शिकायत करने में हिचकिचा रहे हैं और उनका कहना है कि जब रामायण कुलदीप जब सेवानिवृत्ति हो गये हैं और खुलेआम 23 फरवरी को दिन में शेड को निकाल रहे थे तो किसी ने उन्हें रोकने की हिम्मत नहीं की और आज सप्ताह भर गुजर जाने के बाद भी कोई देखने नहीं आया। रामायण कुलदीप द्वारा गणेश भक्तों के धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाते हुए अपने मकान की सुंदरता को दिखाने के लिए कालोनी के हृदय स्थल में बने मंच के शेड को निकाला गया है जिससे लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

> "* मेरे द्वारा दी गई जानकारी के बाद मैं मौके में जाकर देखा गया तो वहा मंच शेड गायब था आसपास के लोगों को भी शेड कब निकला किसी को जानकारी नहीं है फिर भी मैं अपने स्तर से पता लगा रहा हूं कि शेड को कौन उतारा है और कहा रखा गया है।
>
> नवीन साहू, सिविल अभियंता
> छाल उपक्षेत्र

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **-नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in